AKSHANSH PUBLICATION

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# राजस्थान
# जिला दर्शन

**41 जिले व 7 संभाग वाला नवीनतम राजस्थान**

शिक्षक भर्ती, पटवार, VDO, पुलिस कॉन्स्टेबल, वनरक्षक, कम्प्यूटर अनुदेशक, पुस्तकालयाध्यक्ष, PSI, PTI, प्रयोगशाला सहायक, RAS, JEN एवं अन्य परीक्षा के लिए समान रूप से उपयोगी





## विशेष आकर्षण

1. जिले का सामान्य परिचय
2. जिले के प्रमुख व्यक्तित्व एवं स्थल
3. जिले का स्थापत्य और सांस्कृतिक परिदृश्य
4. जिले का वन्यजीव व अभयारण्य
5. RPSC, RSSB एवं विभागीय परीक्षा प्रश्नों की वर्तमान संदर्भ में समावेश सहित
6. सभी जिलों की विस्तृत व्याख्या यूट्यूब पर उपलब्ध

— नीरज सर

जिलेवार क्विज़
लक्ष्य क्लासेज़ की एप्लिकेशन पर नि:शुल्क उपलब्ध!

MRP-₹120


सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™

M. 6376957258, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur

# विषय वस्तु


| क्र. सं. | अध्याय | पेज संख्या |
|---|---|---|
| | **परिचय** | |
| 1. | राजस्थान में जिला और संभागों का नया ढांचा (2023-24) | 1 |
| 2. | राजस्थान संभागों का पुनर्गठन (2023) | 2 - 3 |
| | **बीकानेर संभाग** | |
| 1. | बीकानेर | 4 – 6 |
| 2. | हनुमानगढ़ | 7 – 8 |
| 3. | श्री गंगानगर | 9 – 10 |
| 4. | चूरू | 11 – 12 |
| | **उदयपुर संभाग** | |
| 1. | उदयपुर | 13 – 15 |
| 2. | राजसमंद | 16 – 17 |
| 3. | चित्तौड़गढ़ | 18 – 20 |
| 4. | डूंगरपुर | 21 – 22 |
| 5. | बाँसवाड़ा | 23 – 24 |
| 6. | प्रतापगढ़ | 25 – 26 |
| 7. | सलूम्बर | 27 – 28 |
| | **कोटा संभाग** | |
| 1. | कोटा | 29 – 31 |
| 2. | बूंदी | 32 – 34 |
| 3. | बारां | 35 – 36 |
| 4. | झालावाड़ | 37 – 38 |
| | **अजमेर संभाग** | |
| 1. | अजमेर | 39 – 41 |
| 2. | नागौर | 42 – 43 |
| 3. | टोंक | 44 – 45 |
| 4. | ब्यावर | 46 – 47 |
| 5. | भीलवाड़ा | 48 – 49 |
| 6. | डीडवाना–कुचामन | 50 – 51 |

| | | |
|---|---|---|
| **भरतपुर संभाग** | | |
| 1. | भरतपुर | 52 – 53 |
| 2. | करौली | 54 – 55 |
| 3. | धौलपुर | 56 – 57 |
| 4. | सवाईमाधोपुर | 58 – 59 |
| 5. | डीग | 60 |
| **जयपुर संभाग** | | |
| 1. | जयपुर | 61 – 64 |
| 2. | दौसा | 65 – 66 |
| 3. | अलवर | 67 – 68 |
| 4. | सीकर | 69 – 70 |
| 5. | झुंझुनू | 71 – 72 |
| 6. | खैरथल – तिजारा | 73 – 74 |
| 7. | कोटपूतली–बहरोड़ | 75 – 76 |
| **जोधपुर संभाग** | | |
| 1. | जोधपुर | 77 – 79 |
| 2. | फलोदी | 80 – 81 |
| 3. | बाड़मेर | 82 – 83 |
| 4. | बालोतरा | 84 – 85 |
| 5. | जैसलमेर | 86 – 88 |
| 6. | पाली | 89 – 90 |
| 7. | जालौर | 91 – 92 |
| 8. | सिरोही | 93 – 94 |
| **राजस्थान की विविध जानकारी** | | |
| 1. | राजस्थान की विविध जानकारी | 95 – 101 |



**श्री आनंद अग्रवाल**
निदेशक
लक्ष्य क्लासेज, उदयपुर

# दो शब्द...

प्रिय विद्यार्थियों.........

आपके समक्ष **जिला दर्शन** पुस्तक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस पुस्तक में राजस्थान के **नवगठित 41 जिलों और 7 संभागों** से संबंधित विस्तृत एवं अद्यतन जानकारी समाहित की गई है। यह पुस्तक राजस्थान की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे REET, तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती, पटवार, VDO, चतुर्थ श्रेणी, वाहन चालक, द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती, प्रथम श्रेणी शिक्षक भर्ती, RAS एवं अन्य सभी आगामी परीक्षाओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

इस पुस्तक को **नवीनतम 41 जिलों और 7 संभागों** के प्रशासनिक ढांचे, ऐतिहासिक परिपेक्ष्य, सांस्कृतिक विशेषताएँ, भौगोलिक स्वरूप, आर्थिक गतिविधियाँ और अन्य **महत्त्वपूर्ण तथ्यों** को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसके अतिरिक्त, पुस्तक में जिलावार अभ्यास प्रश्नों का विशेष संकलन किया गया है, जिससे विद्यार्थी अपनी तैयारी को और अधिक सुदृढ़ बना सकें। इस पुस्तक को **विषय विशेषज्ञों** द्वारा गहन शोध एवं उनके अनुभव के आधार पर तैयार किया गया है, जिससे अभ्यर्थियों को सटीक, प्रामाणिक एवं परीक्षा उपयोगी सामग्री प्राप्त हो सके।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पुस्तक सभी अभ्यर्थियों के लिए **अत्यंत लाभकारी** सिद्ध होगी तथा उनके लक्ष्य प्राप्ति में सहायक बनेगी।

**लक्ष्य परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।**

**आनंद अग्रवाल**
**निदेशक, लक्ष्य क्लासेज**

लक्ष्य क्लासेस ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को लक्ष्य क्लासेस की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

# परिचय

# राजस्थान में जिला और संभागों का नया ढांचा (2023-2024)

**गहलोत सरकार का कदम (2022-2023):**

- **नये जिलो की घोषणा** – 17 मार्च 2023
- **रामलुभाया कमेटी का गठन:** 21 मार्च, 2022 को गहलोत सरकार ने रामलुभाया कमेटी का गठन किया। यह कमेटी जिलों और संभागों के पुनर्गठन के संबंध में सुझाव देने के लिए बनाई गई थी।
- **संशोधन की अनुशंसा:** 4 अगस्त, 2023 को कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी और कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी।
- **जिलों की संख्या:** राज्य में जिलों की संख्या 33 से बढ़ाकर 50 की गई।
- **संभागों की संख्या:** राज्य में संभागों की संख्या 7 से बढ़ाकर 10 कर दी गई।
- **अधिसूचना जारी:** इस निर्णय की अधिसूचना 6 अगस्त, 2023 को जारी की गई, और यह 7 अगस्त, 2023 से प्रभावी हो गया।
- इस बदलाव से राजस्थान के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव आया, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासनिक सुविधाओं का विस्तार हुआ।

**भजनलाल सरकार का कदम (2024):**

- **नवगठित जिलों और संभागों की समीक्षा:** 28 जून, 2024 को भजनलाल सरकार ने नवगठित जिलों और संभागों की समीक्षा के लिए जिला रिव्यू कमेटी का गठन किया।
- **कमेटी का गठन:** इस कमेटी की अध्यक्षता ललित के. पंवार द्वारा की गई और इसमें वित्त सचिव, ग्रामीण विकास पंचायतीराज, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, और राजस्व सचिव शामिल थे।
- **रिपोर्ट की प्रस्तुति:** कमेटी ने अपनी रिपोर्ट 30 अगस्त 2024 को राज्य सरकार को सौंपी। यह रिपोर्ट राजस्थान में प्रशासनिक पुनर्गठन से संबंधित सुझाव देती थी।

**मंत्रिमण्डलीय उपसमिति का गठन (2024):**

- **अध्यक्ष:** उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को उपसमिति का अध्यक्ष बनाया गया। लेकिन, बाद में वे संयोजक पद से इस्तीफा दे गए।
- **संयोजक:** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को 18 सितंबर, 2024 को उपसमिति का संयोजक नियुक्त किया गया।
- **अन्य सदस्य:** कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, कन्हैयालाल चौधरी, हेमन्त मीणा, और सुरेश सिंह रावत को उपसमिति का सदस्य बनाया गया।
- **प्रशासनिक विभाग:** इस उपसमिति का प्रशासनिक विभाग राजस्व विभाग रखा गया, जो विभिन्न जिलों और संभागों के पुनर्गठन की प्रक्रिया को पूरा करेगा।

**कैबिनेट की नई घोषणा (2024):**

- **नवगठित संभागों को निरस्त किया:** 28 दिसंबर, 2024 को राजस्थान सरकार की कैबिनेट ने बाँसवाड़ा, सीकर, और पाली संभागों को निरस्त कर दिया।
- इन संभागों के जिलों को वापस उनके मूल संभागों में शामिल करने का निर्णय लिया गया।
- **नए जिलों को निरस्त किया:** कैबिनेट ने 9 जिलों को भी निरस्त करने का निर्णय लिया, जिनमें अनूपगढ़, दूदू, गंगापुरसिटी, जयपुर ग्रामीण, जोपुर ग्रामीण, केकड़ी, नीम का थाना, सांचौर, और शाहपुरा शामिल थे।
- **अधिसूचना जारी:** इस निर्णय की अधिसूचना 29 दिसंबर, 2024 को जारी की गई, जिसमें राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई।
- **नवीन प्रशासनिक ढांचा:** 7 संभाग और 41 जिले होंगे। राज्य में कुल 7 संभाग होंगे, जो प्रशासनिक कार्यों को बेहतर और कुशल तरीके से पूरा करने में मदद करेंगे। अब तक के पुराने 50 जिलों में से 9 जिलों को समाप्त कर दिया गया और 8 नए जिलों को यथावत रखा गया।

**संभागों का पुनर्गठन (29 दिसंबर 2024 को जारी अधिसूचना)**

| क्र. सं. | संभाग का नाम | जिले संख्या | पुनर्गठन के पश्चात् संभागवार जिलों के नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | 7 जिले | 1. जयपुर, 2. सीकर, 3. कोटपूतली-बहरोड़, 4. दौसा, 5. खैरथल-तिजारा, 6. अलवर, 7. झुंझुनूं |
| 2 | बीकानेर | 4 जिले | 1. बीकानेर, 2. श्रीगंगानगर, 3. हनुमानगढ़, 4. चूरू |
| 3 | अजमेर | 6 जिले | 1. अजमेर, 2. ब्यावर, 3. भीलवाड़ा, 4. टोंक, 5. नागौर, 6. डीडवाना-कुचामन |
| 4 | भरतपुर | 5 जिले | 1. भरतपुर, 2. धौलपुर, 3. करौली, 4. डीग, 5. सवाई माधोपुर |
| 5 | कोटा | 4 जिले | 1. कोटा, 2. बूंदी, 3. बारां, 4. झालावाड़ |
| 6 | जोधपुर | 8 जिले | 1. जोधपुर, 2. फलौदी, 3. जैसलमेर, 4. बाड़मेर, 5. पाली, 6. सिरोही, 7. बालोतरा, 8. जालोर |
| 7 | उदयपुर | 7 जिले | 1. उदयपुर, 2. चित्तौड़गढ़, 3. प्रतापगढ़, 4. राजसमंद, 5. बांसवाड़ा, 6. डूंगरपुर, 7. सलूम्बर |

# राजस्थान संभागों का पुनर्गठन (2023)

**नवीन संभागों का सृजन (05.08.2023):**


- सीकर, पाली, और बांसवाड़ा संभागों का गठन 7 अगस्त, 2023 को हुआ था।
- जयपुर संभाग एवं बीकानेर संभाग से सीकर संभाग का गठन किया गया।
- जोधपुर संभाग से पाली संभाग का गठन किया गया।
- उदयपुर संभाग से बांसवाड़ा संभाग का गठन किया गया।

**संभागों के निरस्तीकरण (2024):**

- 28 दिसंबर, 2024 को राजस्थान सरकार ने सीकर, पाली, और बांसवाड़ा संभागों को निरस्त कर दिया।
- इन संभागों के जिलों को वापस उनके मूल संभागों में शामिल किया गया।

**कानूनी प्रावधान:**

- राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 (अधिनियम संख्या-15) की धारा 15 और 16 के तहत राज्य सरकार ने यह पुनर्गठन किया।
- **पूर्व अधिसूचना:** पूर्व अधिसूचना क्रमांक प. 9 (18) राज-1/2022-(15) दिनांक 05.08.2023 का अधिक्रमण करते हुए यह कदम उठाया गया।




**1. जयपुर संभाग (7 जिले) :** जयपुर संभाग में 7 जिले तथा जयपुर जिला 7 अन्य जिलों से सीमा साझा करता है। सर्वाधिक आबादी वाला संभाग। जयपुर जिला सबसे अधिक उपखण्ड (16) एवं तहसीलों (21) वाला जिला है।

**2. जोधपुर संभाग (8 जिले) :** क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य का सबसे बड़ा संभाग, सबसे अधिक जिलों वाला संभाग

**3. बीकानेर संभाग (4 जिले) :** यह संभाग पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय व दो राज्यों (पंजाब व हरियाणा) के साथ अंतर्राज्जीय सीमा साझा करता है।

**4. अजमेर संभाग (6 जिले) :** इस संभाग की 5 अन्य संभागों के साथ सीमा लगती है। मध्यवर्ती संभाग।

**5. उदयपुर संभाग (7 जिले) :** यह संभाग जोधपुर, कोटा, अजमेर संभाग से जुड़ा है तथा इस संभाग की गुजरात तथा मध्यप्रदेश के साथ सीमा लगती है।

**6. कोटा संभाग (4 जिले) :** इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। सर्वाधिक नदियों वाला संभाग।

**7. भरतपुर संभाग (5 जिले) :** तीन राज्यों (हरियाणा, उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश) की सीमा को स्पर्श करने वाला संभाग।

## अभ्यास प्रश्न

**1. राजस्थान में प्रशासनिक पुनर्गठन के तहत 2023 में गहलोत सरकार द्वारा जिलों की संख्या को किस संख्या तक बढ़ाया गया था?**
(a) 33
(b) 50
(c) 41
(d) 7 **[b]**

**2. राजस्थान में सीकर, पाली और बांसवाड़ा संभागों का गठन कब किया गया था, जिन्हें बाद में पुनः निरस्त कर दिया गया?**
(a) 28 जून, 2024
(b) 10 अगस्त, 2023
(c) 5 अगस्त, 2023
(d) 25 दिसंबर, 2024 **[c]**

**3. राजस्थान में गहलोत सरकार द्वारा रामलुभाया कमेटी का गठन किस उद्देश्य के लिए किया गया था?**
(a) जिलों के पुनर्गठन
(b) प्रशासनिक सुधार
(c) संभागों के पुनर्गठन
(d) जिले और संभागों के पुनर्गठन पर सुझाव देने के लिए **[d]**

**4. राजस्थान के पुनर्गठित प्रशासनिक ढांचे के तहत वर्तमान में कितने संभाग है?**
(a) 7 (b) 10
(c) 12 (d) 9 **[a]**

**5. 2024 में भजनलाल सरकार द्वारा बनाए गए जिला रिव्यू कमेटी के अध्यक्ष कौन थे?**
(a) प्रेमचंद बैरवा
(b) ललित के. पंवार
(c) मदन दिलावर
(d) कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ **[b]**

**6. राजस्थान सरकार द्वारा 2024 में निरस्त किए गए जिलों में से कौन सा जिला नहीं था?**
(a) अनूपगढ़ (b) गंगापुरसिटी
(c) शाहपुरा (d) अजमेर **[d]**

**7. गहलोत सरकार द्वारा जिलों की संख्या 33 से बढ़ाकर 50 करने का निर्णय कब लिया गया था?**
(a) 5 अगस्त, 2023
(b) 4 अगस्त, 2023
(c) 6 अगस्त, 2023
(d) 7 अगस्त, 2023 **[b]**

**8. राजस्थान के प्रशासनिक पुनर्गठन में किस अधिनियम की धारा 15 और 16 के तहत पुनर्गठन किया गया था?**
(a) राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956
(b) भारतीय संविधान
(c) भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिनियम
(d) राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 **[a]**

**9. रामलुभाया कमेटी का गठन कब किया गया था?**
(a) 21 मार्च 2022
(b) 17 मार्च 2023
(c) 4 अगस्त 2023
(d) 7 अगस्त 2023 **[a]**

**10. जिला रिव्यू कमेटी ने अपनी रिपोर्ट कब सौंपी थी?**
(a) 4 अगस्त, 2023
(b) 30 अगस्त, 2024
(c) 21 मार्च, 2022
(d) 28 जून, 2024 **[b]**

**11. भजनलाल सरकार ने नवगठित जिलों और संभागों की समीक्षा के लिए किस कमेटी का गठन किया?**
(a) जिला रिव्यू कमेटी
(b) प्रशासनिक पुनर्गठन कमेटी
(c) रामलुभाया कमेटी
(d) भू-राजस्व कमेटी **[a]**

**12. 28 दिसंबर, 2024 को राजस्थान सरकार ने कितने जिलों को निरस्त करने का निर्णय लिया?**
(a) 7 जिलों
(b) 9 जिलों
(c) 8 जिलों
(d) 10 जिलों **[b]**

**13. राजस्थान में वर्तमान में नए जिलों की संख्या कितनी रखी गई थी?**
(a) 50 (b) 41
(c) 45 (d) 47 **[b]**

**14. नवगठित संभागों को निरस्त करने का निर्णय किस दिन लिया गया?**
(a) 7 अगस्त 2023 (b) 28 दिसंबर 2024
(c) 17 मार्च 2023 (d) 21 मार्च 2022 **[b]**

**15. राजस्थान सरकार की कैबिनेट ने कौन से संभागों को निरस्त किया?**
(a) जयपुर, बीकानेर, अजमेर
(b) बाँसवाड़ा, सीकर, पाली
(c) उदयपुर, जोधपुर, कोटा
(d) बीकानेर, जयपुर, सीकर **[B]**

**16. उपसमिति के संयोजक के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?**
(a) सुरेश सिंह रावत (b) मदन दिलावर
(c) ललित के. पंवार (d) इनमें से कोई नहीं **[b]**

**17. नवीन प्रशासनिक ढांचे के तहत कितने संभाग होंगे?**
(a) 10 (b) 7
(c) 8 (d) 5 **[b]**

**18. राजस्थान में सबसे अधिक जिलों वाला संभाग कौन सा है?**
(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) उदयपुर (d) अजमेर **[b]**

♦♦♦♦

# बीकानेर संभाग




**बीकानेर संभाग: प्रमुख तथ्य**


**जिलों की संख्या: 4**

1. बीकानेर
2. हनुमानगढ़
3. श्रीगंगानगर
4. चूरु

**Note:**

- बीकानेर संभाग राजस्थान का सबसे उत्तरी संभाग है।
- बीकानेर संभाग राजस्थान का सबसे कम अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाला संभाग है।
- बीकानेर संभाग में राजस्थान के अन्य संभागों की तुलना में सबसे कम नदियाँ हैं।
- सर्वाधिक नहरी सिंचाई वाला संभाग है।

## 1 बीकानेर




**शुभंकर (Mascot): भट्ट तीतर** (एक स्थानीय पक्षी)

**उपनाम (Nicknames):**

1. **जांगल प्रदेश** - प्राचीन काल में इस क्षेत्र को जांगल प्रदेश कहा जाता था।
2. **ऊन का घर** – बीकानेर ऊन उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।
3. **राती घाटी** - इस क्षेत्र की लाल मिट्टी और घाटियों के कारण यह नाम दिया गया है।
4. **कपिल मुनि की तपोभूमि** - यह स्थान पवित्र ऋषि कपिल मुनि के निवास के लिए प्रसिद्ध है।

**प्रशासनिक विभाजन (Administrative Division):**

| उपखंड (Sub-Divisions): कुल- 9 | | |
|---|---|---|
| 1. बीकानेर | 2. नोखा | 3. कोलायत |
| 4. श्री डूंगरगढ़ | 5. लूणकरणसर | |
| 6. छत्तरगढ़ | 7. बज्जू | 8. खाजूवाला |
| 9. पूगल | | |

| तहसीलें (Tehsils): कुल- 11 | | |
|---|---|---|
| 1. बीकानेर | 2. नोखा | 3. जसरासर |
| 4. पूगल | 5. श्री डूंगरगढ़ | |
| 6. कोलायत | 7. हंदा | 8. लूणकरणसर |
| 9. बज्जू | 10. खाजूवाला | 11. छत्तरगढ़ |

**इतिहास (History):**
- **स्थापना-** राव बीका (राव जोधा के पांचवें पुत्र) ने 1488 में बीकानेर की स्थापना की।
- राव बीका ने इस क्षेत्र को जोधपुर से अलग कर स्वतंत्र राज्य के रूप में स्थापित किया।

**प्रमुख स्थल एवं मंदिर (Famous Places and Temples):**
1. **करणी माता मंदिर (देशनोक)-** यह मंदिर "चूहों के मंदिर" के रूप में प्रसिद्ध है।
2. **भांडाशाह जैन मंदिर-** यह मंदिर जैन धर्म की महत्ता को दर्शाता है। इस मंदिर की नींव में घी का प्रयोग किया गया।
3. **श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर-** बीकानेर के प्रमुख हिंदू धार्मिक स्थलों में से एक है।
4. **जूनागढ़ दुर्ग-** यह दुर्ग बीकानेर के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। इसे जमीन का जेवर कहते हैं।
5. **गजनेर पैलेस-** अब एक प्रसिद्ध हेरिटेज होटल है।

**धार्मिक स्थल (Religious Sites):**
1. **देशनोक-** करणी माता का प्रसिद्ध मंदिर।
2. **मुकाम-** विश्नोई संप्रदाय की प्रधान पीठ।
3. **वीर बग्गाजी मंदिर-** एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल।
4. **कतरियासर-** जसनाथी संप्रदाय के **अग्नि नृत्य** का उद्गम स्थल।

**प्रमुख झीलें (Lakes):**
1. **कोलायत झील-** धार्मिक और पर्यटक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।
2. **गजनेर झील-** गजनेर पैलेस के पास स्थित यह झील सुंदरता और शांति के लिए प्रसिद्ध है।
3. **अनूपसागर झील-** बीकानेर के प्रमुख जलस्रोतों में से एक है।
4. **लूणकरणसर झील-** यह खारे पानी की झील है, जिसका उपयोग नमक उत्पादन के लिए किया जाता है।

**वन्य जीव अभयारण्य (Wildlife Sanctuary)**
1. **गजनेर वन्यजीव अभयारण्य:**
- यह अभयारण्य जंगली तीतर (बटवड़ पक्षी) के लिए प्रसिद्ध है।
- यह वन्यजीवों की विभिन्न प्रजातियों का घर है।

**उद्योग और उत्पाद (Industries and Products)**
1. **स्टेट वूलन मिल्स-** ऊन उत्पादन में राज्य की प्रमुख मिल।
2. **भूजिया और पापड़ उद्योग-** बीकानेर का भूजिया और पापड़ पूरे देश में प्रसिद्ध है।
3. **खजूर और बेर-** इनका सर्वाधिक उत्पादन बीकानेर में होता है।
4. **मूंगफली मंडी-** मूंगफली के व्यापार का प्रमुख केंद्र।
5. **जीआई टैग-** बीकानेर के भूजिया को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्राप्त है।

**प्रमुख विशेषताएँ (Special Features):**
1. राजस्थान का **एकमात्र जिला जिसमें कोई नदी प्रवाहित नहीं होती।**
2. **ऊँट महोत्सव-** यह महोत्सव हर वर्ष जनवरी में आयोजित किया जाता है।
3. **राजस्थान का राजकोट-** बीकानेर का लूणकरणसर क्षेत्र।
4. **सर्वश्रेष्ठ लिग्नाइट-** विश्व का सर्वश्रेष्ठ लिग्नाइट कोयला बीकानेर से प्राप्त होता है।

**संस्थाएँ (Institutions):**
1. **केंद्रीय ऊँट प्रजनन केंद्र (जोहड़ बीड़)-** ऊँटों की नस्ल सुधार और प्रजनन का प्रमुख केंद्र।
2. **उरमूल डेयरी-** ऊँटनी के दूध से बनी प्रसिद्ध डेयरी।
3. **राष्ट्रीय भाषा साहित्य और संस्कृति अकादमी-** जागती-जोत नामक मासिक पत्रिका प्रकाशित करती है।
4. **राजस्थान राज्य अभिलेखागार-** ऐतिहासिक दस्तावेजों और अभिलेखों का संरक्षण।
5. **सार्दूल स्पोर्ट्स स्कूल-** खेल और शारीरिक शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र।

**अन्य प्रमुख स्थल-**
1. **महाजन फील्ड फायरिंग रेंज-** सेना के लिए प्रमुख अभ्यास स्थल।
2. **नाल हवाई अड्डा-** बीकानेर का घरेलू हवाई अड्डा।
3. **उस्त कला-** बीकानेर की परंपरागत कला, जिसमें ऊंट की खाल पर नक्काशी की जाती है।

**अभ्यास प्रश्न**

1. **बीकानेर की स्थापना किसने की थी?**
(a) राव जोधा (b) राव बीका
(c) राव उम्मेदसिंह (d) राव मालदेव **[b]**
2. **बीकानेर के प्रसिद्ध "चूहों के मंदिर" का नाम क्या है?**
(a) श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर (b) भांडाशाह जैन मंदिर
(c) करणी माता मंदिर (d) वीर बग्गाजी मंदिर **[c]**
3. **बीकानेर का कौन-सा उद्योग GI टैग प्राप्त है?**
(a) पापड़ उद्योग (b) भूजिया उद्योग
(c) मूंगफली उद्योग (d) ऊन उद्योग **[b]**
4. **बीकानेर में स्थित गजनेर वन्यजीव अभयारण्य किस प्रसिद्ध पक्षी के लिए जाना जाता है?**
(a) कबूतर (b) बटवड़ पक्षी
(c) मोर (d) तीतर **[b]**
5. **बीकानेर का प्रसिद्ध "ऊंट महोत्सव" कब आयोजित किया जाता है?**
(a) अक्टूबर में (b) दिसंबर में
(c) जनवरी में (d) जून में **[c]**
6. **बीकानेर के किस क्षेत्र को "राजस्थान का राजकोट" कहा जाता है?**
(a) लूणकरणसर (b) बीकानेर
(c) नोखा (d) श्री डूंगरगढ़ **[a]**
7. **बीकानेर के किस क्षेत्र में ऊंटों की नस्ल सुधार और प्रजनन के लिए केंद्रीय ऊंट प्रजनन केंद्र स्थित है?**
(a) लूणकरणसर (b) जोहड़ बीड़
(c) बीकानेर शहर (d) नोखा [b]
8. **बीकानेर के किस स्थल पर "जसनाथी संप्रदाय के अग्नि नृत्य" का उद्गम स्थल है?**
(a) कतरियासर
(b) वीर बग्गाजी मंदिर
(c) नोखा
(d) पूगल **[a]**

**9. बीकानेर के किस स्थान को "कपिल मुनि की तपोभूमि" के नाम से जाना जाता है?**
(a) श्री डूंगरगढ़
(b) नोखा
(c) बीकानेर
(d) कोलायत [d]

**10. जूनागढ़ किला स्थित है?**
(a) बाड़मेर
(b) जैसलमेर
(c) बीकानेर
(d) भीलवाड़ा [c]

**11. देवीकुण्ड सागर की छतरियाँ स्थित हैं?**
(a) उदयपुर
(b) जैसलमेर
(c) जयपुर
(d) बीकानेर [d]

**12. बच्छावतों, रामपुरिया, गुलेच्छा, सेठिया की हवेलियाँ राजस्थान में कहाँ स्थित हैं?**
(a) जैसलमेर
(b) सीकर
(c) जोधपुर
(d) बीकानेर [d]

**13. उस्ताद कहलाने वाले चित्रकारों ने भित्तिचित्र किस नगर में बनाए?**
(a) जोधपुर
(b) चूरू
(c) अजमेर
(d) बीकानेर [d]

**14. मथैरण किस जिले की प्रसिद्ध लोक कला है?**
(a) जोधपुर
(b) चुरु
(c) बीकानेर
(d) उदयपुर [c]

**15. 'बीकानेर के राठौरां री ख्यात' के लेखक थे?**
(a) दयालदास
(b) श्यामलदास
(c) सूर्यमल्ल
(d) नैणसी [a]

**16. अग्नि नृत्य का प्रारम्भ एवं आयोजन मुख्यत: किया जाता है?**
(a) धौलपुर (b) बाँसवाड़ा
(c) बीकानेर (d) दौसा [c]

**17. राजस्थान के किस शहर में होली के दौरान रम्मत का आयोजन किया जाता है?**
(a) करौली
(b) जोधपुर
(c) जैसलमेर
(d) बीकानेर [d]

**18. जसनाथी सम्प्रदाय की उत्पत्ति किस रियासत में हुई ?**
(a) जोधपुर
(b) टॉक
(c) बीकानेर
(d) जोधपुर [c]

**19. बीकानेर शहर किस प्रकार की जलवायु प्रदेश का प्रतिनिधि शहर है-**
(a) Cwg प्रदेश
(b) Bshw प्रदेश
(c) Aw प्रदेश
(d) BWhw प्रदेश [d]

**20. बीकानेर में प्रवाहित होने वाली नदी कौन सी है?**
(a) घग्घर
(b) कंकाती
(c) खारी
(d) कोई नहीं [d]

**21. कोलायत झील स्थित है-**
(a) बीकानेर
(b) बाड़मेर
(c) जैसलमेर
(d) जोधपुर [a]

**22. बरसिंगसर ताप परियोजना किस जिले में स्थित है?**
(a) बीकानेर
(b) जैसलमेर
(c) जोधपुर
(d) नागौर [a]

**23. बीकानेर ऊँट त्योहार... के महीने में मनाया जाता है।**
(a) जून
(b) मार्च
(c) जनवरी
(d) अगस्त [c]

**24. 'नाल' हवाई अड्डा अवस्थित है-**
(a) जैसलमेर (b) बीकानेर
(c) जालौर (d) सिरोही [b]


**25. राजस्थान में जैतून तेल शोधन संयंत्र स्थित है?**
(a) लूणकरणसर (b) सरदारशहर
(c) मण्डोर (d) देशनोक [a]

♦♦♦♦

**विस्तृत व्याख्या सहित बीकानेर जिला दर्शन**

मुश्किल परीक्षाएें भी आसान लगेगी
जब तैयारी होगी लक्ष्य के साथ


लक्ष्य क्लासेज उदयपुर




**1st Grade 1st Paper (स्कूल व्याख्याता)**

**2nd Grade शिक्षक भर्ती परीक्षा**

**3rd Grade शिक्षक भर्ती परीक्षा**




Scan to Download Lakshya App Now

## - COURSE OFFERED -

- NOTES WITH LIVE FROM CLASSROOM BATCH
- MCQ BASED BATCH
- TASK BASED TEST SERIES
- NOTES WITH RECORDED BATCH
- OFFLINE CLASSROOM BATCH

## क्यों हैं लक्ष्य क्लासेज विशेष?

- व्यापक अध्ययन सामग्री
- MCQ की बुकलेट
- नियमित टेस्ट सीरीज
- पूर्णत: समर्पित यूट्यूब चैनल
- लाइब्रेरी सुविधा
- अनुभवी एवं योग्य फैकल्टी
- सुसज्जित स्मार्ट क्लासरूम
- ऑनलाइन एप्लीकेशन एक्सेस
- मासिक करंट अफेयर्स मैगज़ीन
- नियमित काउंसलिंग

INSTAGRAM
FACEBOOK
YOUTUBE
TELEGRAM

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™

M. 6376957258, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur